# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 11 | बिजौलिया - मंगलवार,04 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## चारागाह भूमि पर अतिक्रमणकारियों को 15 दिन का अल्टीमेटम, नहीं हटाया कब्जा तो होगी एफआईआर

**पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, लापरवाह अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश सरकार ने चारागाह भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों को 15 दिन के भीतर स्वयं कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया है। निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, समय पर कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शासन सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट निर्देश देते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज विभाग के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी भी मौजूद रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं, लंबित मामलों और प्रशासनिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।




मंत्री दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारागाह भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमणों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों को 15 दिन का नोटिस जारी किया जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में कब्जा नहीं हटाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई अधिकारी समय पर एफआईआर दर्ज कराने में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।


उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को व्यापक रूप से सार्वजनिक करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि अतिक्रमणकारियों के नाम, कार्रवाई का विवरण तथा फोटो स्थानीय समाचार पत्रों और अन्य मीडिया माध्यमों में प्रकाशित कराए जाएं, ताकि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों में कानून का भय पैदा हो और आमजन में जागरूकता बढ़े।

बैठक में घुमंतू समुदाय के परिवारों के पुनर्वास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भावना के अनुरूप किसी भी घुमंतू परिवार को उचित पुनर्वास की व्यवस्था किए बिना नहीं हटाया जाए। ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पहले वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाए।

दिलावर ने ग्राम पंचायतों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों के लंबित भुगतान पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा गार्डों का बकाया भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराया जाए। साथ ही भुगतान में अनावश्यक देरी करने अथवा संविदा की शर्तों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

समीक्षा बैठक में मंत्री कार्यालय में प्राप्त विभिन्न श्रेणियों के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सहित सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने दिया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



शाम ढलते ही एक ही वृक्ष पर लौटते हैं सैकड़ों बगुले, दे रहे एकता का संदेश

## सावन में शाहपुरा की पहचान बने सफेद परिंदे

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**

सावन की हरियाली के बीच इन दिनों शाहपुरा में शाम ढलते ही विशाल वृक्षों पर लौटते सैकड़ों सफेद बगुले लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुबह भोजन की तलाश में अलग-अलग दिशाओं में उड़ान भरने वाले ये परिंदे सूर्यास्त होते ही एक ही वृक्ष पर लौट आते हैं, जिससे मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है।

जीव दया सेवा समिति के संयोजक एवं पर्यावरण प्रेमी अतू खां कायमखानी ने बताया कि यह दृश्य अनुशासन, एकता और पारिवारिक अपनत्व का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा के तालाब, हरियाली और विशाल वृक्ष पक्षियों के लिए सुरक्षित आशियाना बने हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियां भी ऐसे खूबसूरत नजारों का आनंद ले सकेंगी। सावन के मौसम में सफेद बगुलों का यह अद्भुत संसार शाहपुरा की नई प्राकृतिक पहचान बन गया है।

## अवैध बजरी से भरे दो टीपर जब्त , एक चालक गिरफ्तार, दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

थाना पुलिस ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो टीपर जब्त किए हैं। पुलिस ने एक चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे वाहन का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया की सोमवार सुबह करीब 2:05 बजे नेशनल हाइवे पर होड़ा क्षेत्र में त्रिवेणी की ओर से आ रहे दो टीपरों को रोककर जांच की गई। पहले टीपर में बजरी भरी हुई मिली। चालक नारायण लाल गुर्जर (32) निवासी बिलोड़, थाना बिगोद, से बजरी परिवहन से संबंधित परमिट एवं रवन्ना मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

इसी दौरान दूसरे टीपर की जांच की गई तो वह भी बजरी से भरा मिला, लेकिन उसका चालक अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भाग निकला। पुलिस ने दोनों टीपरों को जब्त कर लिया।

पुलिस ने आरोपी चालक नारायण लाल गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वही फरार चालक की तलाश एवं आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## ऑपरेशन ड्रग फ्री सिटीः गांधीनगर थाना पुलिस ने 362 ग्राम गांजा के साथ महिला को दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन ड्रग फ्री सिटी' अभियान के तहत गांधीनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 362 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया ने बताया की सोमवार को उपनिरीक्षक गुमानाराम मय जाप्ता गश्त पर थे। इस दौरान देवनारायण सर्किल पर मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला अपनी ओढ़नी में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर ला रही है।

सूचना के आधार पर राजस्थान टेंट हाउस के पास महिला को रोककर महिला कांस्टेबल सीमा से तलाशी कराई गई। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से 362 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी आरती सांसी (40) पत्नी सुनील सांसी, निवासी ज्योति पब्लिक स्कूल के पास आदर्श नगर, हाल 100 फीट रोड, थाना गांधीनगर, भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक गुमानाराम, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार, धीरज कुमार, कांस्टेबल ब्रजमोहन, आशीष कुमार, कमलेश कुमार, भूपेन्द्र सिंह एवं महिला कांस्टेबल सीमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गंगापुर पुलिस का डबल अटैकः 105 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, बजरी से भरी पिकअप जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 105 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल जब्त कर ली। वहीं अलग कार्रवाई में अवैध बजरी का परिवहन कर रहे एक पिकअप वाहन को भी जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बजरी खनन और अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 1 अगस्त को रायपुर रोड से जेलना मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान रतनपुरा (सालेरा) निवासी 33 वर्षीय श्यामलाल बंजारा को बुलेट मोटरसाइकिल पर आते हुए रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से 105 ग्राम अवैध अफीम बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी अभियान के तहत 2 अगस्त को गश्त के दौरान पुलिस ने गंगापुर क्षेत्र में अवैध बजरी से भरी एक पिकअप को पकड़कर जब्त किया। चालक के खिलाफ बीएनएस तथा एमएमडीआर एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई के डर से बजरी माफिया अब ट्रैक्टर-ट्रॉली की बजाय पिकअप वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन ऐसे वाहनों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।







## अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर का कहरः कलेक्ट्री कर्मचारी की मौत, महिला गंभीर घायल

**टक्कर के बाद घर में घुसा ट्रैक्टर, चालक फरार; पुलिस ने वाहन जब्त कर शुरू की तलाश**

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

अवैध बजरी परिवहन एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। सोमवार सुबह बीगोद कस्बे में तेज रफ्तार अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट में कार्यरत एक सरकारी कर्मचारी को कुचल दिया। हादसे में घर के बाहर खड़ी एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए पहले बीगोद अस्पताल और बाद में भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां सरकारी कर्मचारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि सबलाजी का खेड़ा निवासी रघुनाथ सिंह राठौड़ (59) सोमवार सुबह अपनी बहन की ससुराल मोही गांव से मोटरसाइकिल पर भीलवाड़ा कलेक्ट्रेट में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बीगोद की कंजर कॉलोनी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और एक मकान में जा घुसी। इस दौरान घर के बाहर खड़ी सीता देवी पत्नी रामचंद्र कंजर भी उसकी चपेट में आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर की तीव्रता से मकान का आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान रघुनाथ सिंह राठौड़ की मृत्यु हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही कलेक्ट्रेट कर्मचारियों और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग अस्पताल की मॉर्च्यूरी पहुंच गए। हादसे की सूचना पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध बजरी भरी हुई थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

## सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, विशेष श्रृंगार के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


नर्भदेश्वर देवरी महादेव


उत्तमशिखरेश्वर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी** । सावन माह के प्रथम सोमवार को उपखण्ड क्षेत्र के सभी प्रमुख शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक लगातार जारी रहीं।

क्षेत्र के सीता का कुंड महादेव, झरिया महादेव, मंदाकिनी महादेव, कुकड़ेश्वर महादेव, खोकी महादेव, नर्भदेश्वर देवरी महादेव, उत्तम शिखरेश्वर, उँडेश्वर महादेव सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, नमक-चमक अभिषेक एवं विधि-विधान से विशेष पूजन-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मंदिरों में भगवान महादेव का विशेष आकर्षक श्रृंगार भी किया गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। फूलों, बेलपत्र, भस्म, रुद्राक्ष और विविध धार्मिक सामग्रियों से सुसज्जित भगवान शिव के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोषों से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंदिर समितियों और स्थानीय श्रद्धालुओं की ओर से दर्शन एवं पूजा-अर्चना की समुचित व्यवस्थाएं की गईं। दिनभर क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की भारी आवाजाही रही और श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## पेयजल, बिजली और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

### एडीएम ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवटिया की अध्यक्षता में सोमवार को पीएचईडी कार्यालय में पेयजल, बिजली, स्वच्छता एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आमजन को निर्बाध सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने पीएचईडी अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब हैंडपंप व ट्यूबवेल की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए। वहीं एवीवीएनएल को संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने को कहा। नगर निगम को शहर में गुणवत्तापूर्ण सफाई व्यवस्था, बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी तथा नालों की समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चिकित्सा विभाग को डेंगू, मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

बैठक में पीएचईडी, एवीवीएनएल, नगर निगम एवं चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य बने राव रतन सिंह, बिजोलिया में मनाया जश्न



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी**

बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद पर राव रतन सिंह के निर्वाचित होने पर बिजोलिया में राव राजपूत समाज ने हर्षोल्लास के साथ खुशी मनाई। समाजजनों ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा राव रतन सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर समाज के वक्ताओं ने कहा कि राव रतन सिंह का बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद पर निर्वाचित होना समाज और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव एवं नेतृत्व का लाभ अधिवक्ता जगत के साथ-साथ समाज को भी मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान अनिल सिंह, मनोज सिंह, शक्ति सिंह, हितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अर्पित सिंह, प्रेम सिंह एवं लोकेंद्र सिंह सहित समाज के अनेक युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## आचार्य पुलक सागर जी ने किया 'स्वराज' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


**पुनीत चपलोत** । आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दस्तक संस्था द्वारा आयोजित 'स्वराज - महोत्सव आजादी का' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जैन संत आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज ने चातुर्मास स्थल पर किया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त को रेलवे स्टेशन चौराहे से सूचना केंद्र चौराहे तक भव्य मशाल एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सूचना केंद्र पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों को श्रद्धांजलि एवं राष्ट्रभक्ति आधारित प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। इस अवसर पर आचार्य पुलक सागर जी ने युवाओं से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

पोस्टर विमोचन के दौरान चातुर्मास आयोजन संयोजक मनीष शाह एवं पंकज जैन सहित दस्तक संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सावन के पहले सोमवार तिलस्वां महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

### कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक, दिनभर गूंजता रहा 'हर-हर महादेव'







भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**नरेश धाकड़ / शुभम**

सावन माह के प्रथम सोमवार पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तिलस्वां महादेव मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था और सोमवार सुबह होते-होते हजारों श्रद्धालु एवं कांवड़िए मंदिर परिसर में जुट गए। श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड से जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा एवं खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और '? नमः शिवाय' के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम पाराशर एवं गिरधर पाराशर ने बताया कि रविवार देर रात से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। सोमवार सुबह सैकड़ों कांवड़ियों ने पवित्र कुंड से जल भरकर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। सावन के पहले सोमवार पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने व्रत रखकर महादेव के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार मंदिर परिसर में राज्य स्तरीय रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विद्वान आचार्यों ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश में उत्तम वर्षा, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। सावन माह के दौरान मंदिर में प्रतिदिन हवन, रुद्रपाठ, अभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

**एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि सावन के पहले सोमवार पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने तिलस्वां महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई। पवित्र कुंड के समीप स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया, वहीं वाहन पार्किंग की अलग से समुचित व्यवस्था की गई।

**पुलिस और प्रशासन की रही चाक-चौबंद व्यवस्था**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा, पार्किंग और दर्शन व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए। कांस्या चौकी प्रभारी एएसआई नरेश कुमार सुखवाल ने बताया कि सावन के पहले सोमवार पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए तिलस्वां महादेव पहुंचे। पुलिस की प्रभावी व्यवस्था के चलते पूरे आयोजन के दौरान किसी प्रकार की चोरी अथवा अन्य अप्रिय घटना सामने नहीं आई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक दर्शन किए और व्यवस्थाओं की सराहना की।

## बिना NOC चल रहे नर्सिंग कॉलेजों पर फूटा छात्रों का गुस्सा,दंडवत करते कलेक्ट्रेट पहुंचे नर्सिंग छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ता,सौंपे ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेजों की एनओसी (NOC) को लेकर सोमवार को नर्सिंग विद्यार्थियों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मुखर्जी उद्यान से दंडवत प्रणाम करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और शिक्षा मंत्री व जिला कलेक्टर के नाम एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।




एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खोईवाल ने आरोप लगाया कि जिले में कई नर्सिंग कॉलेज बिना वैध एनओसी के संचालित हो रहे हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने मांग की कि सभी नर्सिंग कॉलेजों की एनओसी सार्वजनिक की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने बताया कि एडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन धरना-प्रदर्शन की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

प्रदर्शन में शामिल नर्सिंग छात्र दीपक ने कहा कि कॉलेज प्रशासन से कई बार एनओसी की मांग करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने आरोप लगाया कि एनओसी नहीं होने के कारण छात्रों का भविष्य संकट में है।

समय पर परिणाम जारी नहीं होते, परीक्षा फॉर्म अंतिम समय में भरवाए जाते हैं और डिग्री की मान्यता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। उनका कहना था कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो भविष्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे।

छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## दो साल से अधूरे सीवरेज कार्य पर क्षेत्र वासियों का फूटा गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम , महिलाओं ने गाए राजस्थानी गीत, आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

शहर के पुलिस लाइन क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से अधूरे पड़े सीवरेज कार्य और जर्जर सड़क से परेशान स्थानीय लोगों का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पुलिस लाइन रोड स्थित शिव मंदिर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए और मुख्य मार्ग जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए पारंपरिक राजस्थानी गीत गाकर अनोखे अंदाज में विरोध जताया।



प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सीवरेज कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से मुख्य मार्ग लंबे समय से बाधित है। कई बार शिकायतें और जनसुनवाई में ज्ञापन देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे क्षेत्रवासियों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल छोड़ने से लेकर आम आवाजाही तक प्रभावित हो रही है।

सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्द सीवरेज कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने धरना और सड़क जाम समाप्त कर दिया।

पूर्व पार्षद ललित भाटी ने बताया कि पिछले 14 महीनों से वे लगातार सीवरेज विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को चेताते आ रहे हैं। कई बार जनसुनवाई में पत्र देने के बावजूद अधिकारी केवल लीपापोती करते रहे और क्षेत्र की समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक काम शुरू नहीं होता, तब तक क्षेत्रवासी आंदोलन जारी रखने को मजबूर होंगे।



QUICK BITES

## सावन के पहले सोमवार को शिव की आराधना को उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव और बोल बम से गुंजे शिवालय

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव )**:- सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । सुबह से ही 'हर-हर महादेव', 'जय भोलेनाथ' और 'बोल बम' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे । भक्तों ने भगवान शिव का दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया । इस दौरान उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की । सवाईपुर जूना गांव महादेव जी, बनकाखेड़ा सिवाड़ा के सगस जी महादेव, रेड़वास महादेव, ढ़ेलाणा महादेव, सोपुरा, सालरिया, बड़्ला, चावंडिया, ककरोलिया माफी, कंवलियास, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, रुपाहेली, सोलंकिया का खेड़ा, पिथास, खरेड़ आदि गांवों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थीं । महिलाएं, पुरुष और बच्चे हाथों में जल, दूध और पूजन सामग्री लेकर शिवालय पहुंचे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर, घर-परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की । मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बनी रही और शिव भक्ति का माहौल छाया रहा । शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । कई स्थानों पर रुद्राभिषेक और विशेष पूजन का भी आयोजन किया गया ।।

## 6 सितंबर को होंगे माहेश्वरी धर्मशाला समिति के चुनाव, 1950 सदस्य चुनेंगे नई कार्यकारिणी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

माहेश्वरी धर्मशाला समिति, सिंगोली चारभुजा (मांडलगढ़) की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 6 सितंबर रविवार को चुनाव आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान सहित चार राज्यों के करीब 1,950 सदस्य मतदान कर नौ सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे, जो आगामी तीन वर्षों तक धर्मशाला के संचालन, विकास एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेगी। धर्मशाला समिति के मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा ने बताया कि चुनाव में राजस्थान के लगभग 10 जिलों तथा राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के करीब 120 गांवों के सदस्य मतदान करेंगे। निर्वाचित नौ सदस्यीय कार्यकारिणी बाद में लगभग 120 सदस्यों के कार्यकारी मंडल का मनोनयन करेगी, जो धर्मशाला के विकास कार्यों में सहयोग करेगा।

उन्होंने बताया कि सिंगोली चारभुजा स्थित यह धर्मशाला मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी धर्मशालाओं में से एक है। यद्यपि इसका संचालन माहेश्वरी समाज द्वारा किया जाता है, लेकिन इसका उपयोग सभी समाजों के मांगलिक, वैवाहिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाता है। वर्तमान समय में जहां रिसॉर्ट और होटलों का किराया लाखों रुपये तक पहुंच जाता है, वहीं इस धर्मशाला का दो दिन का किराया मात्र 15 हजार रुपये रखा गया है, जिससे आमजन को किफायती सुविधा उपलब्ध होती है। समिति के पदाधिकारी समाज के भामाशाहों के सहयोग से धर्मशाला के विकास कार्य कराते हैं। वर्तमान में धर्मशाला में 22 कमरे और तीन हॉल बने हुए हैं। इनमें से लगभग 10 कमरों में अटैच शौचालय एवं स्नानघर की सुविधा है, जबकि आठ कमरे और एक हॉल वातानुकूलित (एसी) हैं। सिंगोली श्याम मेवाड़ का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां भगवान चारभुजनाथ सिंगोली श्याम का प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। वर्षभर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। वर्तमान में धर्मशाला का संचालन पांच सदस्यीय समिति कर रही है, जिसमें अध्यक्ष घनश्याम राठी (बड़लियास), उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण (भीलवाड़ा), मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा (माल का खेड़ा), कोषाध्यक्ष सतीश सोमानी (बरूंदनी) तथा संयुक्त मंत्री शिवनारायण काबरा (आकोला) शामिल हैं। समिति ने बताया कि धर्मशाला के बढ़ते कार्यों, चहुंमुखी विकास तथा सभी क्षेत्रों को समान प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की संख्या पांच से बढ़ाकर नौ करने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत इस बार नौ सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।




# मनोकामना पूर्ण होने पर सांवरिया सेठ को 311 ग्राम चांदी की बोरवेल गाड़ी करेंगे भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।





मेवाड़ के आराध्य देव श्री सांवरिया सेठ के प्रति अटूट आस्था का अनूठा उदाहरण क्षेत्र में देखने को मिला। शिवरती निवासी एक दंपति ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा शुरू की है। वे मंदिर पहुंचकर भगवान सांवरिया सेठ को 311 ग्राम शुद्ध चांदी से निर्मित बोरवेल गाड़ी भेंट करेंगे।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह शिवरती निवासी लादू सिंह राणावत एवं उनकी पत्नी को ग्रामीणों ने तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं पहनाकर और जयकारों के बीच मंडफिया धाम के लिए पैदल रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

लादू सिंह राणावत ने बताया कि उनकी 'जय अंबे बोरवेल' नाम से फर्म संचालित है। उन्होंने बताया कि सांवरिया सेठ की कृपा से उनकी मनोकामना पूर्ण हुई, जिसके उपलक्ष्य में उन्होंने भगवान को 311 ग्राम शुद्ध चांदी से बनी बोरवेल गाड़ी भेंट करने का संकल्प लिया था। उन्होंने बताया कि शिवरती से मंडफिया धाम तक पैदल यात्रा पूरी करने के बाद वे सांवरिया सेठ के चरणों में यह चांदी की प्रतीकात्मक बोरवेल गाड़ी अर्पित करेंगे।

# पांच पवित्र नदियों के जल से हुआ भगवान शिव का महाजलाभिषेक, बड़लियास व आमां में कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



**(रोशन )**। सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को ग्राम फलोदी से निकली विशाल कांवड़ यात्रा श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। यात्रा का मार्ग में पड़ने वाले गांवों में ग्रामीणों एवं शिवभक्तों ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ कांवड़ियों का स्वागत किया। बड़लियास और आमां चौराहे पर विशेष रूप से भव्य स्वागत किया गया।आयोजन समिति के सदस्य दीपक पांडया ने बताया कि कांवड़ यात्रा में श्रद्धालु हरिद्वार की गंगा, उज्जैन की शिप्रा, त्रिवेणी संगम सहित पांच पवित्र नदियों का जल विधि-विधानपूर्वक कांवड़ में लेकर निकले। यात्रा त्रिवेणी महादेव से रवाना होकर बीगोद, खटवाड़ा, मेहता जी का खेड़ा, सुसर, बड़लियास, जित्या और रेणवास होते हुए आमां चौराहा पहुंची।


कांवड़ यात्रा के बड़लियास पहुंचने पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं शिवभक्तों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। ग्रामीणों ने कांवड़ियों का श्रद्धाभाव के साथ अभिनंदन किया।

इसके बाद यात्रा आमां चौराहे पहुंची, जहां भी ग्रामीणों और शिवभक्तों ने विशेष आयोजन कर कांवड़ियों का पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। हालांकि यात्रा के पूरे मार्ग में विभिन्न गांवों में स्वागत किया गया, लेकिन बड़लियास और आमां चौराहे पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कांवड़ यात्रा के फलोदी पहुंचने पर ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पांचों पवित्र नदियों के जल से भगवान भोलेनाथ का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ महाजलाभिषेक किया गया। इस दौरान भजन-कीर्तन, धर्म ध्वज और भगवान शिव के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कांवड़ियों का स्वागत कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

# सद्गुरु की कृपा से ही जीवन बनता है सार्थक, बिना गुरु तत्व ज्ञान संभव नहीं : जगतगुरु रामदयालजी महाराज






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि मनुष्य का वास्तविक कल्याण सद्गुरु की कृपा से ही संभव है। गुरु की शरण में आने वाला व्यक्ति हर परिस्थिति में धैर्यवान और संतुलित रहता है तथा जीवन के मोह और अज्ञान से मुक्त होकर ईश्वर की प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है।

सोमवार को 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के तहत आयोजित दैनिक सत्संग में आचार्यश्री ने कहा कि भगवान ने शरीर की रचना की है, लेकिन सद्गुरु शिष्य के जीवन का निर्माण करते हैं। जिस पर सद्गुरु की कृपा हो जाती है, उसका कोई अहित नहीं कर सकता और उसका जीवन नारायण के धाम के समान पवित्र बन जाता है।

उन्होंने कहा कि सुनने और सहने की क्षमता ही मनुष्य को कुंदन बनाती है, लेकिन आज समाज में यही दोनों गुण कमजोर होते जा रहे हैं। इसी कारण परिवार, समाज और राष्ट्र में विघटन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी बात सुनाना तो चाहते हैं, लेकिन दूसरों की बात सुनने का धैर्य नहीं रखते। छोटी-छोटी परेशानियों से घबराना व्यक्ति की मानसिक कमजोरी को दर्शाता है, जबकि सद्गुरु शिष्य को कठिन परिस्थितियों का सामना करने योग्य बनाते हैं।

आचार्यश्री ने कहा कि जीवन में अनेक परीक्षाएं आती हैं, लेकिन सहनशीलता के अभाव में व्यक्ति छोटी-सी बात से भी आहत हो जाता है। गुरु को शंकर इसलिए कहा गया है क्योंकि वे विष को धारण करने और संकटों का निवारण करने की शक्ति रखते हैं।

उन्होंने नारी सम्मान पर भी अपने विचार रखते हुए कहा कि शास्त्रों में जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास माना गया है। नारी को सद्गुणों से युक्त, आदर्श और पूजनीय होना चाहिए, क्योंकि समाज में वही आदर्श बनती है जिसका जीवन प्रेरणादायी होता है।

आचार्यश्री ने कहा कि जैसे पात्र बदल जाने पर भी प्यास केवल पानी से ही बुझती है, उसी प्रकार संसार के समस्त शास्त्र सामने होने पर भी सद्गुरु की कृपा के बिना तत्वज्ञान और भगवान के साक्षात्कार की प्राप्ति संभव नहीं है।

इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत मनोरथरामजी (आलोट) ने मानस प्रवचन प्रस्तुत किया। प्रवचन के पश्चात श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे वाणीजी का पाठ, 9 से 10 बजे तक सत्संग तथा सायंकाल संध्या आरती, रामधुनी एवं युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल कथा एवं धर्म प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है।

# चुनावी शंखनादः देहात कांग्रेस की साधारण सभा आयोजित, बूथ स्तर पर मजबूती और जनसंपर्क पर जोर 'बूथ मजबूत तो जीत तय' - जाट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत






आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) ने सोमवार को हरणी महादेव स्थित सोनी (माहेश्वरी) धर्मशाला में साधारण सभा आयोजित कर चुनावी तैयारियों का शंखनाद किया। जिलाध्यक्ष रामलाल जाट की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और चुनावी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में राजस्थान सरकार की पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी नसीम अख्तर ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से गांव-गांव जाकर जनता के बीच सक्रिय होने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष रामलाल जाट ने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव जनता के अधिकारों और स्वाभिमान की लड़ाई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हर बूथ मजबूत होगा तो कांग्रेस की जीत तय होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जाकर जनसंपर्क बढ़ाने तथा चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। बैठक में जिला सह प्रभारी कैलाश झालीवाल एवं मांडल विधानसभा प्रभारी भगवान मुक्कड़ ने भी चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने संबंधी सुझाव दिए। सभा के बाद सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाध्यक्ष रामलाल जाट सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हरणी महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा जिले में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश व्यास, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, राजेंद्र त्रिवेदी, दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी, भंवर गर्ग, प्रद्युमन सिंह, मधु जाजू, सुशीला सालवी सहित बड़ी संख्या में पीसीसी सदस्य, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फोकस इम्पेक्ट : निर्माण स्थल पर लगा चेतावनी बोर्ड, नगर पालिका ने शुरू की सुरक्षा पहल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**नरेश धाकड़** तेजाजी चौक से बस स्टैंड मार्ग पर अव्यवस्थित यातायात, अधूरे निर्माण कार्य और सुरक्षा इंतजामों की कमी को लेकर प्रकाशित समाचार का असर दिखाई देने लगा है। नगर पालिका ने निर्माणाधीन स्थल पर चेतावनी बोर्ड लगाकर राहगीरों को सतर्क रहने की अपील की है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थायी समाधान के लिए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि भीलवाड़ा फोकस में 3 अगस्त को प्रकाशित समाचार में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी, चेतावनी बोर्डों के अभाव तथा संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को प्रमुखता से उठाया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका ने निर्माण स्थल पर 'सावधान, नगर पालिका बिजौलिया -कार्य प्रगति पर है, कृपया धीरे चलें' का बोर्ड लगाकर सुरक्षा व्यवस्था की दिशा में पहल की है। हालांकि क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल चेतावनी बोर्ड लगाने से समस्या का पूर्ण समाधान नहीं होगा। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए, सड़क पर यातायात को सुचारु बनाया जाए तथा टैम्पू-टैक्सी की अव्यवस्थित पार्किंग पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।




## तेजाजी चौक से बस स्टैंड मार्ग बना परेशानी का कारण

अव्यवस्थित पार्किंग और निर्माण कार्य से बढ़ा हादसे का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**नरेश धाकड़** । कस्बे के सबसे व्यस्त तेजाजी चौक से बस स्टैंड मार्ग पर नगर पालिका की लापरवाही और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टैम्पू-टैक्सी की बेतरतीब पार्किंग, निर्माण कार्यों में सुरक्षा इंतजामों की कमी और अधूरे कार्यों से जाम की स्थिति बन रही है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि टैम्पू और टैक्सी चालक निर्धारित स्थान के बजाय सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और यातायात बार-बार बाधित होता है। वहीं, नगर पालिका द्वारा तेजाजी चौक से बस स्टैंड तक विद्युत पोल लगाने के लिए खुदाई तो कर दी गई, लेकिन निर्माण स्थल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। दो दिन पहले इसी मार्ग पर फिसलकर कुछ स्कूली बालिकाएं गिर गई थीं। हालांकि बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इससे कार्यस्थल की लापरवाही उजागर हो गई।

तेजाजी चौक के बीच स्थित विद्युत पोल का मामला पहले भी सीएलजी बैठक में उठ चुका है। एडवोकेट सुनील जोशी ने पोल हटाने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को इसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर पुराने पोल को हटाने की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर उसी मार्ग पर नए पोल लगाने के लिए खुदाई की जा रही है। इससे प्रशासनिक समन्वय पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने नगर पालिका से निर्माण कार्य जल्द पूरा करने, सुरक्षा संकेतक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति की पहल, 25 हजार पौधारोपण का लक्ष्य





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**नरेश धाकड़**

बिजौलिया खनन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति ने सुखपुरा खदान के समीप स्थित चरागाह भूमि पर पौधारोपण अभियान शुरू किया है। समिति ने इस वर्ष 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें प्रथम चरण में 15 हजार पौधों का रोपण कार्य शुरू कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि खनन ठेकेदारों, पत्थर स्टॉक व्यवसायियों एवं निर्यात व्यवसायियों द्वारा अपनी समस्याओं को संगठित रूप से उठाने के साथ-साथ खनन गतिविधियों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की भरपाई के उद्देश्य से उपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति का गठन किया गया है। इस पौधारोपण अभियान का पूरा खर्च समिति द्वारा सदस्यों से एकत्रित राशि से किया जा रहा है। तथा समिति ने लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की है। पौधों की सुरक्षा हेतु गार्ड नियुक्त किए गए हैं, पूरे वर्ष सिंचाई के लिए पानी के टैंकर लगाए गए हैं तथा पौधों को सुरक्षित रखने के लिए चारदीवारी का निर्माण भी कराया गया है। समिति के अध्यक्ष नरोत्तम धाकड़ ने बताया कि विगत वर्ष समिति द्वारा गोलमगढ़ एवं सुखपुरा क्षेत्र में 23,500 पौधे लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए यह अभियान प्रत्येक वर्ष जारी रहेगा। इस वर्ष 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण एवं संरक्षण कार्य की जिम्मेदारी पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल धाकड़ को सौंपी गई है, जो लगातार अभियान की निगरानी एवं क्रियान्वयन में जुटे हुए हैं।

# अवसर रहते आत्मपुरुषार्थ से चूकना जीवन का सबसे बड़ा पश्चाताप : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## आनंद सिद्धितप आराधना में 160 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने लिया तप का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत**

श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी भूल अवसर का अभाव नहीं, बल्कि अवसर रहते उसकी पहचान और सदुपयोग नहीं करना है। अनुकूल परिस्थितियां और साधना का अवसर मिलने के बाद भी यदि व्यक्ति आत्मकल्याण के लिए पुरुषार्थ नहीं करता, तो अंत में उसके हाथ केवल पश्चाताप ही आता है।

शांतिभवन में चातुर्मास के तहत आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि समय रहते जागने वाला व्यक्ति ही अवसर को साधना में बदल सकता है। उन्होंने उदाहरणों और आगमिक प्रसंगों के माध्यम से बताया कि भौतिक सुख-सुविधाओं के बावजूद आत्मसाधना की उपेक्षा जीवन की सबसे बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि धर्म विपरीत परिस्थितियों से भागना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मबल से सहने की प्रेरणा देता है। आत्महत्या या मृत्यु को मुक्ति का मार्ग मानना भ्रम है, क्योंकि कर्मों से मुक्ति केवल आत्मपुरुषार्थ और साधना से ही संभव है।



युवाचार्यश्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और यह दोबारा मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए वर्तमान में उपलब्ध समय और अनुकूलता का उपयोग आत्मचिंतन, स्वाध्याय और साधना में करना ही जीवन की सार्थकता है।

इस अवसर पर महासती सुचेताजी ने कहा कि आत्मचिंतन के बिना जीवन में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। व्यक्ति जैसे कर्म करता है, वैसे ही फल प्राप्त करता है। धर्म की शरण ही जीवन को सही दिशा प्रदान करती है।

**160 से अधिक श्रद्धालु करेंगे आनंद सिद्धितप आराधना**

आनंद अनुभूति चातुर्मास संयोजक कंवरलाल सूरिया एवं मदनलाल चोरड़िया ने बताया कि 4 अगस्त से युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी एवं साध्वीवृंद के सानिध्य में आनंद सिद्धितप आराधना प्रारंभ होगी। इसमें 160 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से तप का संकल्प लेकर प्रत्याख्यान ग्रहण किया है। चातुर्मास के दौरान श्रद्धालु विभिन्न प्रकार की तपस्याएं कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 5 अगस्त से आचार्य आनंद ऋषिजी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरू होंगे। कार्यक्रमों के तहत 13 अगस्त को 1008 आयंबिल तप आराधना का आयोजन किया जाएगा। धर्मसभा का संचालन शांतिभवन मंत्री नवरतनमल भलावत ने किया।

# सीताकुंड महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष बने बनवारी लाल शर्मा

## खेराड़ के 12 गांव व ऊपरमाल क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चयन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

प्राचीन तीर्थ स्थल सीताकुंड महादेव में सोमवार को खेराड़ क्षेत्र के 12 गांव एवं ऊपरमाल क्षेत्र के श्रद्धालुओं और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष पद के चयन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से बिजोलिया निवासी बनवारी लाल शर्मा को सीताकुंड महादेव मंदिर समिति का अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए मंदिर के धार्मिक एवं विकास कार्यों को मिल-जुलकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बैठक में पृथ्वीराज सिंह, भानु प्रताप सिंह, शिवराज सिंह, सज्जन सिंह, धर्मराज तेली, हीरालाल तेली, सुरेशलाल तेली, श्याम सिंह, शैतान सिंह, लक्ष्मण बैरागी, गोपाल, चंदन, मांगीलाल गुर्जर, नंदकिशोर तेली, चांदमल माली, दिनेश मेवाड़ा, डॉ. धर्मेंद्र, रामदयाल, बाबूलाल शर्मा सहित खेराड़ एवं ऊपरमाल क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। बैठक का समापन मंदिर एवं क्षेत्र के विकास तथा धार्मिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।



## QUICK BITES

### सगस जी महाराज से अच्छी बारिश की प्रार्थना, ब्रह्मभोज के बाद हुई मूसलाधार बारिश

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।



**रोशन** । गांव में सोमवार को धार्मिक आस्था और प्रकृति का अनोखा संगम देखने को मिला। ब्रह्मभोज कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सगस जी महाराज से क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना की। कार्यक्रम समाप्त होने के कुछ ही समय बाद मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। ग्रामीणों ने इसे ईश्वर की कृपा और प्रार्थना का प्रतिफल मानते हुए खुशी जताई।

जानकारी के अनुसार बड़लियास गांव में आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सगस जी महाराज के समक्ष क्षेत्र में अच्छी बारिश, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की तथा श्रद्धापूर्वक प्रसाद अर्पित किया।


ब्रह्मभोज संपन्न होने के कुछ ही देर बाद आसमान में घने बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बारिश काफी देर तक जारी रही और क्षेत्र में अच्छी वर्षा दर्ज हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया तथा लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

बारिश से खेतों में पानी पहुंचने पर किसानों के चेहरे भी खिल उठे। ग्रामीणों ने इसे सगस जी महाराज की कृपा बताते हुए कहा कि प्रार्थना के तुरंत बाद हुई बारिश ने पूरे गांव का माहौल आनंदमय बना दिया। वर्षा के बाद गांव की गलियों और आसपास के क्षेत्रों में पानी भर गया तथा वातावरण में ठंडक फैल गई।

### अमरतिया विद्यालय में एक कमरे व शौचालय को यथावत रखने को लेकर जिला कलेक्टर को भेजा पत्र

विभाग ने संपूर्ण विद्यालय को करना चाहता जमींदोज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के बड़ला ग्राम पंचायत के अमरतिया गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन को पूर्व में जर्जर घोषित किया जा चुका है और इस संपूर्ण विद्यालय भवन को जमींदोज करने का आदेश हो चुका, लेकिन गत जून माह में पीडब्ल्यूडी कोटड़ी द्वारा रिसर्वे किया गया, जिसमें विद्यालय के एक कमरे व शौचालय को सुरक्षित बताया गया, परंतु विभाग संपूर्ण विद्यालय भवन को जमींदोज करना चाहता है, इसे लेकर एसएमसी सदस्यों व ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर एक कमरे व शौचालय को यथावत रखने की मांग की और पूरे विद्यालय को जमींदोज करने के आदेश को निरस्त कर नया आदेश जारी करने की मांग की । इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष भैरूलाल माली, गोपाल लाल सुथार, कुलदीप सिंह पुरावत, भूपेंद्र सिंह पुरावत, भगवान सिंह पुरावत, गोपाल माली, श्यामलाल माली, विमला देवी सुथार, धापू देवी दरोगा, प्रेम देवी गुर्जर आदि कई मौजूद रहे ।।

### ग्रामीणों व विद्यार्थियों का संघर्ष रंग लाया: राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआ में 3 नए अध्यापकों की नियुक्ति, खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ:



कस्बे में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से अध्यापकों की कमी से जूझ रहे विद्यार्थियों और ग्रामीणों के संघर्ष को बड़ी सफलता मिली है। विद्यालय में स्टाफ की भारी कमी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लगातार बाधित हो रही थी, जिसके विरोध में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने एकजुट होकर प्रशासन व शिक्षा विभाग के समक्ष अपनी आवाज उठाई थी।

ग्रामीणों व विद्यार्थियों के इस विरोध प्रदर्शन और मांग पर शिक्षा विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए विद्यालय में 3 नए अध्यापकों पदस्थापित/नियुक्त कर दिया है।

अध्यापकों की नियुक्ति के आदेश जारी होते ही छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों व युवाओं ने कहा कि 'शिक्षा ही समाज में क्रांति का आधार है और जागरूक युवा ही देश की रीढ़ की हड्डी हैं।' जब भी समाज अपने अधिकारों और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एकजुट होता है, तो सकारात्मक परिणाम अवश्य सामने आते हैं।

ग्रामीणों ने इस मुहिम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले रणवीर शतावत पूर्व उपसरपंच साहब लोकेश सोनी कैलाश शर्मा कैलाश धाकड़ मांडलगढ़ भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक सहित ग्रामवासियों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और संघर्षशील छात्र-छात्राओं का सहृदय आभार व्यक्त किया है, जिनके अथक प्रयासों से विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा मिली है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय | मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।